INDIAN SCHOOL SOHAR **No. of printed pages:02**

PERIODIC TEST-III (2023-24)

SUBJECT-HINDI (COURSE-B)

SUBJECT CODE-085

SET-II

CLASS : IX **MAX. MARKS : 20**

DATE : 10/01/2024 **TIME: 40 MINUTES**

सामान्य निर्देश:

इस प्रश्न-पत्र में कुल 5 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और खंड 'ब'।

प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

खंड 'अ' (वस्तुपरक प्रश्न)

प्रश्न-1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए – (1x3=3)

बिहार और उत्तर प्रदेश के हज़ारों मील लंबे मैदान गंगा, यमुना और दूसरी नदियों के परम उपकारी, सोने की कीमत वाले 'गाद' के बने हैं। आप सौ-सौ कोस चल लीजिए रास्ते में सुपारी फोड़ने लायक एक पत्थर भी कहीं मिलेगा नहीं। इसी तरह महादेव के संपर्क में आने वाले किसी को भी ठेस या ठोकर की बात तो दूर रही, खुरदरी मिट्टी या कंकरी भी कभी चुभती नहीं थी। उनकी निर्मल प्रतिभा उनके संपर्क में आने वाले व्यक्ति को चंद्र-शुक्र की प्रभा के साथ दूधों नहला देती थी। उसमें सराबोर होने वाले के मन में उनकी इस मोहिनी का नशा कई-कई दिनों तक उतरता न था।

(i) मैदान सोने की कीमत वाले 'गाद' के बने हैं। वाक्य में 'गाद' की कीमत सोने के समान बताई गई है क्योंकि –

(क) नदियों के किनारे गाद में सोना मिला होता है।
(ग) नदियों के किनारे गाद उपजाऊ होती है।
(ख) सरोवरों के किनारे गाद उपजाऊ होती है।
(घ) नदियों के किनारे गाद अनुपजाऊ होती है।

(ii) 'महादेव के संपर्क में आने वाले किसी को भी खुरदरी मिट्टी या कंकरी भी कभी चुभती नहीं थी।' वाक्य में महादेव देसाई की किस विशेषता के बारे में बताया है ?

(क) विनय-अविवेक युक्त विवाद
(ग) उनका सुंदर व मंत्रमुग्ध करने वाला लेख
(ख) उनका विनम्र व्यवहार और सौम्य स्वभाव
(घ) उपर्युक्त सभी विकल्प सही

(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए –

कथन (A) – महादेव भाई की इस मोहिनी का नशा कई-कई दिनों तक उतरता न था।

कारण (R) – बिहार और उत्तर प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्र सोने की कीमत वाले 'गाद' के बने हैं।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

प्रश्न-2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए – (1x3=3)

(i) 'खुशबू रचते हैं हाथ' कविता में मुल्क की मशहूर अगरबत्तियाँ कौन बनाते हैं ?

(क) मुहल्लों के लोग
(ग) गंदे मुहल्लों के लोग
(ख) इलाके के सब लोग
(घ) नए इलाके में रहने वाले लोग

(ii) अगरबत्तियाँ बनाते समय किन सुगंधों का प्रयोग किया जाता है ?

(क) गुलाब, केवड़ा, केसर, खस

(ख) केवड़ा, गुलाब, खस, रातरानी

(ग) केवड़ा, गुलाब, खस, मोगरा

(घ) गुलाब, केवड़ा, रातरानी, मोगरा

(iii) खुशबू रचने वाले लोग कहाँ रहते हैं ?

(क) कच्चे घरों में

(ख) कई नलों के पास

(ग) 'क' और 'ख' दोनों

(घ) कई गलियों के बीच

प्रश्न-3. निर्देशानुसार बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प चुनकर लिखिए – (1x4=4)

(i) 'उत्सर्ग' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है ?

(क) उत

(ख) उ

(ग) उत्त

(घ) उत्

(ii) 'निरंकुश' शब्द में उपसर्ग और मूल शब्द के लिए उपयुक्त विकल्प क्या होगा ?

(क) नि और रंकुश

(ख) निर और अंकुश

(ग) निर् और अंकुश

(घ) निर् और कुश

(iii) 'भाग्योदय' शब्द का संधि-विच्छेद क्या होगा ?

(क) भाग्यो + दय

(ख) भाग्य + उदय

(ग) भाग्य + ओदय

(घ) भागी + उदय

(iv) 'सह+अनुभूति' का संधि युक्त शब्द होगा -

(क) साहानुभति

(ख) सहोनुभूति

(ग) सहनोभूति

(घ) सहानुभूति

खंड 'ब'(वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न-4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – (3x2=6)

(i)'हार्नीमैन को देश निकाले की सज़ा मिलने के बाद समाचार-पत्रों की दुनिया पर क्या प्रभाव पड़ा ? 'शुक्रतारे के समान' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ii) लेखक स्वामी आनंद कितने माह के लिए साबरमती आश्रम गए थे और उन्होंने वहाँ क्या-क्या कार्य किए ? 'शुक्रतारे के समान'पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(iii) 'खुशबू रचते हैं हाथ' कविता में कवि किस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता है और क्यों ?

प्रश्न-5. बस में यात्रा कर रहे दो यात्रियों के बीच हुए वार्तालाप को संवाद के रूप में लगभग 80 शब्दों में लिखिए। (4)

अथवा

दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और चित्र का वर्णन लगभग 80 शब्दों में कीजिए।